भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 157

उत्तर देने की तारीख 18 नवंबर, 2019

27 कार्तिक, 1941 (शक)

खेलो इंडिया कार्यक्रम

157. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश में खेलों को बढ़ावा देने हेतु 'खेलो इंडिया कार्यक्रम' को आरंभ किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) 'खेलो इंडिया कार्यक्रम' के तहत अब तक कितने प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए हैं; और

(घ) प्रशिक्षण शिविरों की संख्या कितनी है और इन शिविरों में प्रशिक्षित किए गए खिलाड़ियों की संख्या कितनी है, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख) : जी हां । 'खेलो इंडिया-राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम' अक्टूबर, 2017 में आरंभ हुआ जिसका उद्देश्य देशभर में खेलों में व्यापक जनसहभागिता और खेलों में उत्कृष्टता के संवर्धन के दोहरे उद्देश्य को बढ़ावा देने के लिए सम्पूर्ण खेल इकोप्रणाली को सुदृढ़ करना है । खेलो इंडिया स्कीम के सभी घटक देश के युवाओं में खेलों को विस्तृत आधार प्रदान करने पर केंद्रित हैं ।

(ग) : खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत कोई प्रशिक्षण शिविर आयोजित नहीं किया जाता ।

(घ) : प्रश्न नहीं उठता ।

*****